दिन–शुक्रवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 10 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के बेलदौर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बूथ संख्या एक सौ बयासी और एक सौ तेरासी पर आज पुनर्मतदान हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि दोनों बूथों पर शांतिपूर्वक मतदान चल रहा है। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। बीते सात मई को हुए चुनाव के दौरान स्थानीय लोगों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा देते हुए मतदान का बहिष्कार किया था। इसी दौरान दो पक्षों में झड़प हो गई थी। असामाजिक तत्वों ने ईवीएम को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। जिला प्रशासन की पहल पर चुनाव आयोग ने इन दोनों बूथों पर पुनर्मतदान कराए जाने का आदेश दिया था।

————————————————————————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान चरम पर है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार चुनावी सभा, रैली और रोड शो कर रहे हैं। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज उजियारपुर संसदीय क्षेत्र के मोहनपुर में पार्टी प्रत्याशी आलोक मेहता के समर्थन में एक चुनावी सभा को सम्बोधित किया। श्री यादव ने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर पन्द्रह अगस्त को बेरोजगारी से आजादी दिलाने की शुरूआत होगी। सभा को विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने भी सम्बोधित किया। इधर, भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, पार्टी के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद के समर्थन में पटना में एक चुनावी सभा को सम्बोधित किया। एनडीए नेताओं ने केन्द्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए लोगों से रविशंकर प्रसाद के पक्ष में मतदान की अपील की। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर, उजियारपुर और दरभंगा में प्रचार का शोर कल शाम समाप्त हो जायेगा। इन क्षेत्रों में तेरह मई को मतदान होना है।

————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद संसदीय क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। आज पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से भाजपा के रविशंकर प्रसाद ने अपना नामांकन पत्र भरा। नामांकन से पूर्व श्री प्रसाद ने एक रोड शो भी किया। इधर, काराकाट संसदीय क्षेत्र से एनडीए से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेन्द्र कुशवाहा ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। वहीं, सासाराम संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी शिवेश राम और बक्सर से भाजपा के मिथिलेश तिवारी ने भी नामांकन पत्र भरा। इसके अलावा बक्सर से इंडी गठबंधन से राजद उम्मीदवार सुधाकर सिंह और आरा से भाकपा माले के सुदामा प्रसाद ने भी अपना नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। सातवें चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि चौदह मई तक निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच पन्द्रह मई को होगी जबकि उम्मीदवार सत्रह मई तक नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण के लिए एक जून को मतदान होना है।

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में छियासी उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। कल नाम वापसी के अंतिम दिन तीन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस लिया। सबसे अधिक पन्द्रह प्रत्याशी वैशाली संसदीय क्षेत्र में हैं। वहीं, सबसे कम पांच प्रत्याशी महाराजगंज संसदीय क्षेत्र से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस चरण में एनडीए की ओर से भाजपा के चार, जदयू के तीन, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के एक प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं, दूसरी तरफ इंडी गठबंधन से राजद के चार तथा कांग्रेस और विकासशील इंसान पार्टी के दो–दो प्रत्याशी है। छठे चरण के लिए पच्चीस मई को मतदान होना है।

पूरबा हवा के प्रवाह से प्रदेश में बारिश की अनुकूल स्थितियां बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान दरभंगा के हायाघाट में सबसे अधिक बयालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। समस्तीपुर के पटोरी में पैंतीस दशमलव दो और अररिया में तैंतीस दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश हुई है।

—————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।